# कार्यालय : मण्डलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल।

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली–2014 (यथासंशोधित) 2019 के नियम–16 में निहित प्राविधानों के तहत इस कार्यालय के विज्ञापन संख्या/सेवाएं–3क(2)/अराज0/5221–33/2024–25 दिनांक 16.04.2025 के क्रम में राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा से स0अ0एल0टी0 स्नातक वेतनक्रम में 30 प्रतिशत रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नतियां किये जाने हेतु निम्नांकित विषयों की काउंसिलिंग निम्नानुसार निर्धारित की जा रही है। पदोन्नति हेतु आमंत्रित शिक्षकों का विवरण एवं आवश्यक दिशा–निर्देश विभाग की वैबसाईट–www.schooleducation.uk.gov.in में अपलोड किये गये हैं। काउंसिलिंग में प्रतिभाग किये जाने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

| क्र0सं0 | विषय | काउंसिलिंग की तिथि | समय | काउंसिलिंग स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | व्यायाम, गृह विज्ञान, कला एवं संगीत | 26.09.2026 (शनिवार) | प्रातः 11:00 बजे | एच0एन0 इण्टर कालेज हल्द्वानी |

संबंधित शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि, उक्त काउंसिलिंग में विज्ञापित पदों से अधिक शिक्षकों को आमंत्रित किया जा रहा है किन्तु, पदोन्नतियां केवल विज्ञापित पदों के प्रति की जाएंगी, साथ ही काउंसिलिंग में उपस्थिति पदोन्नति हेतु दावे के रूप में मान्य नहीं होगा।

–:ह0अ0:–

(गजेन्द्र सिंह सौन)
मण्डलीय अपर निदेशक (मा0शि0),
कुमाऊँ मण्डल नैनीताल

पृ0सं0/सेवाएं–3क(2)/अराज0/3822-26/2026–27 दिनांकः 21 सितम्बर, 2026।

**प्रतिलिपिः– निम्नांकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
02. मुख्य शिक्षा अधिकारी–नैनीताल/ऊधमसिंहनगर/चम्पावत/अल्मोड़ा/बागेश्वर/पिथौरागढ़ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु अपने अधीनस्थों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।
03. सम्पादक, हिन्दुस्तान एवं उत्तर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि, उक्त विज्ञप्ति को अपने दैनिक समाचार पत्र के कुमाऊँ संस्करण में न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों में प्रकाशित करते हुए बिल 02 प्रतियों में भुगतान हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
04. प्रभारी–एम0आई0एस0, कार्या0 महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित शिक्षकों की सूची विभागीय वैबसाइट–https://schooleducation.uk.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
05. कार्यालय, लेखा अनुभाग।

(गजेन्द्र सिंह सौन)
मण्डलीय अपर निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
कुमाऊँ मण्डल नैनीताल